## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन शनिवार 23 दिसंबर को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्षा में किया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा ने वनमंडल अधिकारी सहित समस्त निर्माण कार्य विभाग के विभाग प्रमुखों व समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से आयोजित में उपस्थित होनें का आग्रह किया है।

### ''भारत पर्व'' आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालय में लोकतंत्र का लोक उत्सव ''भारत पर्व'' का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला मुख्यालय स्तर पर 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व के सफल आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाओं हेतु विनोद कुमार शुक्ल, आयुक्त, नगर पालिक निगम कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर शासन निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल एवं आयुक्त सह संचालक, स्वराज संस्थान संचालनालय भोपाल द्वारा भारत पर्व के आयोजन एवं स्थानीय व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी मनोनित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 से

**कटनी।** भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 08 विधायें यथा लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेंकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसम्बर 2023 को इण्डोर हॉल माधवनगर में किया जावेगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला एवं संभाग स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन वर्चुअल किया जावेगा एवं संभाग स्तर पर चयनित दल को राज्य स्तर पर भौतिक रूप से अपनी प्रस्तुती देनी होगी।वर्चुअल आयोजन में प्रतिभागी अपने प्रदर्शन का भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा का वीडियों बनाकर 26 दिसंबर 2023 शाम 05:00 बजे तक जिला कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है। विधाओं हेतु निर्धारित समय-सीमा के तहत सामूहिक लोकनृत्य हेतु 15 मिनट,एकल लोकनृत्य 7 मिनट, सामूहिक लोकगीत 7 मिनट, एकल लोकगीत 7 मिनट, कहानी लेखन हेतु 60 मिनट, 6. पोस्टर मेंकिंग हेतु 90 मिनट, भाषण (चुने गए विषय पर) हेतु 3 मिनट, 8, फोटोग्रॉफी हेतु तथा 02 फोटो डिजिटल फोर्म में फोटो की थीम-1. प्रगतिशील भारत, आत्मनिर्भर भारत, योगा एवं स्पोर्टस, फिजिकल एक्टिविटी और फिटनेस, नेचर सीनरी में भाग लेने हेतु कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, मच्छरों व कीड़ों की फौज

# कीचड़ भरी डगर से ग्रामीणों का मुश्किल हो रहा आवागमन, व्यवस्था को कोस रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघरी के वार्ड नं सात की गली में कीचड़युक्त गंदा पानी जमा होने से यहाँ के लोगों को परेशानी होती है। लोंगो का निकलना तक मुश्किल हो गया है। बच्चों से लेकर वृद्ध तक इसी कठिन डगर से सफर करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने समस्या को लेकर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

पंच श्याम सिंह जोगी,लखन सिंह जोगी, सरस्वती बाई,सिया बाई लोधी,राधा बाई लोधी,अंजली लोधी,निराशा लोधी, हक्की बाई जोगी,पलक जोगी सहित यहाँ पर निवासरत लोगों ने बताया कि वार्ड नं सात में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।यहाँ की गलियों में कीचड़ युक्त गंदा पानी जमा है।पानी निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क पर गंदगी और गंदा पानी जमा है। ग्रामीण कीचड़ से होकर आवागमन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड सात में नाली निर्माण होना आवश्यक है।नाली का निर्माण न होने से यहाँ रहने वाले परिवार के लोग अधिक परेशान हैं। लोग नाली निर्माण कराने लंबे समय से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। अब हाल यह है कि लोंगो के घरों के सामने गंदा पानी भरा है और इसी में से आवाजाही करना पड़ रही है।ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ हैंडपंप भी लगा है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने से हैंडपंप से निकलने वाला पानी भी यहीं जमा हो रहा है। पूर्व में ग्राम पंचायत ने सड़क का निर्माण कराया, लेकिन नाली नहीं बनाई। हैंडपंप के समीप सोख्ता भी नहीं बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर पानी जमा होने से उनके मकानों में भी जिलकन आ रही है। वार्ड में रहने वाले लोगों के यहाँ नाते रिश्तेदार पहुँचते है तो वह लोग भी कोसते हैं। ज्यादा समय तक रुकते भी नहीं है।

वार्ड में पानी निकासी न होने से जमा गन्दे पानी में मच्छर और कीड़े बिलबिला रहे हैं। मच्छरों की संख्या में इजाफा हुआ है। कई लोग तो संक्रामक रोगों की चपेट में भी है।घर के बाहर दिन में भी लोग ढंग से बैठ नहीं पाते हैं। मवेशियों को भी मच्छरों से बचाने के लिए धुंए का सहारा लेना पड़ता है।यहाँ रहने वाले लोग बदबूदार दुर्गंध से भी परेशान हैं।

दुर्गंध भरी बदबू से तो इस रास्ते से निकलने वाले लोग नाक में रूमाल रखकर निकलते हैं।कई बार लोग कीचड़ और फिसलन में गिर तक गए हैं।कीचड़ युक्त गंदगी और जलजमाव के चलते लोगों के बीमार होने की आशंका है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सीईओ ढीमरखेड़ा यजुर्वेन्द्र कोरी का कहना है कि ग्रामीणों और पंचायत सचिव ने समस्या से अवगत नहीं कराया है। यदि समस्या है तो वहाँ के लोग आवेदक देवें। इसकी जांच कराकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।



# पिकअप व ट्रेक्टर ट्राली से 200 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ढीमरखेडा के झिन्ना पिपरिया के उपार्जन केन्द्र और उमरियापान से एक ही पंजीयन में दोबारा धान बेचने खरीदी केन्द्र पहुंचने और बिना नंबर की ट्रेक्टर ट्राली से धान परिवहन करते हुए करीब दो सौ बोरी धान और पिकअप वाहन और ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर उमरियापान थाने की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया।

एसडीएम ढीमरखेडा विंकी सिंहमारे उइके ने बताया कि झिन्ना पिपरिया उपार्जन समिति कि ओर ले जाते हुए पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 19 जी ए 1325 में परिवहन कि जा रही एक सौ पच्चीस बोरी धान तहसीलदार अजय मिश्रा और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बृजेश जाटव की टीम ने जब्त कर वाहन पुलिस थाना में खडा करा दिया है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी ने ग्राम उमरियापान में ट्रेक्टर चालक अजय गोटिया द्वारा बिना नंबर कि ट्राली में करीब 75 बोरी धान पकड़ी गई। जांच स्थल में पंजीयन दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर पाने के कारण ट्रेक्टर ट्राली सहित धान जब्त कि गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया गया जांच अभियान

# ब्लैक स्पाट क्षेत्रों में यातायात अमले ने रफ्तार की जांच कर वाहन चालकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात विभाग द्वारा सर्वाधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। सर्वाधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने के बाद अब यातायात विभाग इन स्थलों पर रफ्तार की पहरेदारी के काम में जुट गया है। शुक्रवार को अभियान की शुरुआत करते हुए यातायात विभाग द्वारा पीरबाबा क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार जांचने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। वाहनों की रफ्तार जांचते हुए यातायात विभाग ने वहां से गुजर रहे सैकड़ो वाहनों की रफ्तार जांच कर लोगों को समझाइश दी।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि शहरी क्षेत्र के कुछ स्थल ऐसे हैं जहां पर अधिकतर वाहन दुर्घटनाऐं सामने आती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने यातायात विभाग को इस संबंध में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए थे। यातायात सूबेदार ने अभियान के संबंध में बात करते हुए कहा कि शुक्रवार पीर बाबा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर इंटरसेप्टर वाहन दल के द्वारा सैकड़ो वाहनों की रफ्तार जांचने का काम किया गया। लिमिट से ज्यादा ओवर स्पीड में चलने वाले वाहनों को समझाइश देने के साथ-साथ उनके खिलाफ अर्थ दंड की कार्यवाही भी की गई है।

श्री पांडे ने कहा कि इस दौरान वाहन चालकों को वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से सीट बेल्ट लगाने एवं नियम अनुसार वाहन चलाने की समझाइए दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि सड़क पर वाहन चालकों की छोटी सी लापरवाही के कारण कई जाने संकट में पड़ सकती हैं। वाहन चलाते समय वाहन चालकों की सतर्कता से कई जाने सुरक्षित बच सकती हैं। उन्होंने कहा की रफ्तार के खिलाफ यातायात विभाग का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश

**कटनी।** ढ़ीमरखेड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना के तहत पंप हाउसो से कृषकों को सिचाई की सुविधा प्रदान करने संबंधी कार्य में प्रगति होने की जानकारी संज्ञान में आने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नर्मदा विकास संभाग -4 के कार्यपालन यंत्री को योजना की प्रगति के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए। कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग -4 ने प्रतिवेदित किया कि नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 4 अंतर्गत ढ़ीमरखेड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना का कार्य प्रगतिरत है। इस योजना के अंतर्गत दॉयी तट मुख्य नहर पर विभिन्न स्थानों झिर्री पंप हाउस, कोठी पंप हाउस, खमतरा पंप हाउस एवं सैलारपुर पंप हाउस में लगभग 15058 हेक्टेयर क्षेत्र मे सिंचाई सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित है। वर्तमान में उपयुक्त पंप हाउस से झिर्री, कोठी एवं खमतरा पंप हाउस का कार्य पूर्ण हो गया है तथा उक्त पंप हाउसों से माह फरवरी 2024 से खेतों में सिंचाई सुविधा प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

## विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में धरना प्रदर्शन




विपक्ष सांसदों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर के घंटाघर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने केन्द्र सरकार पर तानाशाही अपनाने का आरोप लगाया और केन्द्र सरकार के तानाशाही रवैए के खिलाफ जमकर नारेबाजी है। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खंपरिया कहा के देश की संसद में भाजपा सांसद के स्वीकृत पास से कुछ युवकों के घुसकर धुआं बल चलाया। जिसके कारण संसद की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। सुरक्षा को लेकर विपक्ष के सांसद संसद में गृहमंत्री से बयान देने की मांग कर रहे थे, लेकिन विपक्ष के सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई नहीं, बल्कि केन्द्र सरका की तानाशाही है। केन्द्र सरकार की इसी तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिथिलेश जैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु, राजा जगवानी, राजेश जाटव सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# महिलाओं को कृषि उद्यमी का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न विकास खंडों की 35 महिलाओं को कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी प्रशिक्षण के अंतर्गत जलवायु भूमि के प्रकार, पोषक तत्व, मिट्टी परीक्षण, जैविक खाद एवं कीटनाशक जैविक खेती कीट एवं रोग नियंत्रण खाद्यान्न दलहन, तिलहन एवं सब्जी, फसलों सिंचाई के अंतर्गत स्प्रिंकलर टपक सिंचाई, शुष्क भूमि कृषि तकनीकी लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली औषधीय एवं सुगंधित तथा फूल वाले पौधे पशुपालन पादप प्रसार तकनीक के अंतर्गत ग्राफ्टिंग बडिंग लेयरिंग नर्सरी प्रबंधन एवं कृषि से संबंधित अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में जैविक खेती की आवश्यकता भूमि मानव एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी प्रदान की गई। रासायनिक खाद से नुकसान एवं जैविक खेती के फायदे तथा जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र नीम पत्ती पांच पत्ती काढ़ा नीमच ब्रह्मास्त्र तथा आग्नेयास्त्र आदि कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पौधों के लिए आवश्यक 17 प्रकार के पोषक तत्वों के विषय में बतलाया गया। प्रशिक्षण में गौरा बाई यादव, सविता चौधरी, सीमा साहू , अनीता लोधी, ज्योति ठाकुर एवं अन्य महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

कलेक्टर ने की जिला खनिज प्रतिष्ठान के कार्यों की समीक्षा

# सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे करने कलेक्टर ने दिए निदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला खनिज प्रतिष्ठान कटनी के द्वारा जिले की विभिन्न निर्माण एवं विकास एर्जेसियों को समय-समय पर स्वीकृत किये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक, कलेक्टर एवं अध्यक्ष अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले के विभिन्न विभागों लोक निर्माण विभाग (म/स), लोक निर्माण विभाग (पीआई यू.). ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र ग्रह निर्माण मंडल, महिला एवं बाल विकास विभाग, म.प्र. शहरी विकास कंपनी लिमिटेड, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल एवं नगर पालिक निगम द्वारा कराये जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की जानकारी विभाग प्रमुखों से प्राप्त की गई।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने विभागवार कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें पूर्व वर्षों के लंबित कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता सहित शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। तो वहीं चालू वर्ष में विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत किये गये निर्माण कार्यों को 31 मार्च 2024 तक की समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला खनिज प्रतिष्ठान के प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों को भौतिक निरीक्षण करें एवं जनहित के लोक कल्याणकारी कार्यों की सफलता की कहानी तैयार करें।

बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, पी. आई. यू. जल संसाधन विभाग, म.प्र. ग्रह निर्माण मंडल, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगर पालिक निगम, महिला एवं बाल विकास अधिकारी उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतो में लगाये शिविर

# कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी, हितलाभ का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को जिले के 6 ब्लाकों की 11 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुये।

शिविरों में केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित सभी पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में पहुँचे एलईडी युक्त प्रचार रथ से केंद्र शासन की जन कल्याण की योजनाओं का तथा नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास की जानकारी उपस्थित नागरिकों को दी गई। लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी शिविर में किया जाकर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया।

### हितग्राहियों ने किये अनुभव साझा

शिविरों की शुरुआत में प्रधानमंत्री के रिकार्डेड सन्देश का प्रसारण प्रचार रथ से किया गया। नागरिकों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। शिविर में केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी प्रमुख योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन भी शिविरों में किया गया।

### हितलाभ वितरण

बहोरीबंद की ग्राम पंचयत सिहुंडी में आयोजित यात्रा के दौरान उज्ज्वला योजना के पात्र हितग्राहियों को गैस कनेक्शन सहित अन्य योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया।

### इन ग्रामों से निकली यात्रा

शुक्रवार 22 दिसम्बर को वाहन बड़वारा की ग्राम पंचायत भगनवारा एवं रूपोंद, बहोरीबंद की सिंहुडी एवं कुआ, ढ़ीमरखेड़ा के सगौना एवं बांध, कटनी के पथरहा एवं पूंछी, रीठी के तिघराकला एवं लालपुरा सहित ब्लॉक विजयराघवगढ़ में गुडगुडौहा में यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के यात्रा के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# हादसे में घायल मरीज के ब्रेन का सफल ऑपरेशन कर डाक्टर ने दी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सड़क हादसे का शिकार हुए एक युवक के ब्रेन में चोट आने से खून का अधिक रिसाव होने के चलते उसकी हालत नाजुक थी लेकिन एमजीएम के चिकित्सक ने उसे मौत के मुंह से बचा लिया।

जानकारी देते हुए एम.जी.एम हॉस्पिटल के मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल ने बताया कि बुद्धा सिंह पिता भगवत सिंह 46 वर्ष ग्राम बखतरी थाना पन्ना जिला पन्ना को मोटर साइकिल से गम्भीर एक्सीडेंट हुआ जिसमें मरीज के बायें तरफ ब्रेन में खून का रिसाव बहुत अधिक हो रहा था (ब्रेन हेमरेज) अगर तुरन्त ऑपरेशन नहीं किया जाता तो मरीज की हालत नाजुक हो सकती थी। कटनी व पन्ना के सरकारी हॉस्पिटल ने मरीज की हालत गम्भीर देखकर मेडिकल कॉलेज

हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मरीज एम.जी.एम. हॉस्पिटल शाम को 08:00 बजे एम.जी.एम. हॉस्पिटल लाया गया तुरन्त सी.टी. स्केन और अन्य जांच कर ऑपरेशन की तैयारी की गई। ऑपरेशन रात 02:00 बजे से सुबह 07:00 बजे तक चला जिसमें सिर की हड्डी का एक बड़ा टुकड़ा कुछ दिनों के लिए बाहर रखा गया है।

ब्रेन का प्रेशर कम करने के लिए बाहर रखा गया है। ब्रेन का प्रेशर कम करने के लिए ऐसा किया जाता है। कुछ दिनों में उस हड्डी को मरीज के सिर पर रखा जायेगा। ऑपरेशन एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी शहर के एक मात्र न्यूरो सर्जन डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज को ऑपरेशन के कुछ दिन बाद तक वेन्टीलेटर पर रखा गया था। अब मरीज वेन्टीलेटर से बाहर आ गया है और उसकी स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### राधाकृष्ण मंदिर बांधा में नव वर्ष पर होंगे धार्मिक आयोजन

**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर बांधा में नूतन वर्ष 01 जनवरी 2024 का स्वागत भजन, भंडारा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जावेगा। प्रातः 11 बजे से सद्भावना भजन मंडल हरदुआ कटनी एवम श्री बजरंग भजन मंडल बिरुहली के साथ अन्य क्षेत्रीय भजन गायकों की उपस्थिति में भक्ति भावमय में सुंदर सुंदर भजन श्रृंखला सायं 8 बजे तक जारी रहेगी। प्रातः से ही प्रसाद वितरण प्रारंभ होगा। सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी की भव्य महाआरती सुगंधित धूपों के साथ होगी। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, सतेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, मनोज पाठक, राघवेंद्र दुबे, पप्पू पाठक, ओमप्रकाश दुबे, संकल्प मिश्रा, बडू सिंह, शैलेंद्र विश्वकर्मा, बहादुर कुशवाहा आदि ने समस्त धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

### किसान विपणन केंद्र में अनियमितताओं से किसान परेशान

**बड़वारा।** किसानों को उचित दाम पर खाद बीज वितरण करबाने के लिए कलेक्टर ने बड़वारा के जगतपुर उमरिया में किसान विपणन केंद्र खुलवाया है। किसान मोर्चा के बड़वारा अध्यक्ष गुड्डू साहू ने बताया कि किसान विपणन केंद्र सहकारी समिति बड़वारा में केंद्र के अनियमित खुलने की शिकायत कलेक्टर के पास की है एवम बताया कि विपणन केंद्र सोमवार एवम मंगलवार को बंद था जिसके कारण क्षेत्र के कृषक खाद बीज लेने के लिए परेशान होकर भटकते रहे अधिकारियों द्वारा भी विपणन केंद्र के अनियमित खुलने की सही जानकारी नही दी जा रही है। केंद्र के अनियमित समय से खुलने से किसानों को मजबूर होकर घरों को वापस जाना पड़ा। खरीदी प्रभारी द्वारा बताया गया कि कर्मचारी सुबह उपार्जन कार्य के सम्बंध में गया था इस कारण से केंद्र देर से खुला था। कल पीओएस मशीन खराब होने के कारण वितरण नही हो पाया। किसान मोर्चा के अध्यक्ष गुड्डू साहू ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होने पाए इस बात का ध्यान रखा जाए।

### भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव में नाचे भक्त

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती प्रसिद्ध देवी दरबार में चल रही श्री मद भागवत कथा में कथावाचक ने भगवान कृष्ण के जन्मदिन की कथा सुनाई । श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्त ख़ुशी से बैड बाज पर झूम से नाचे । भगवान कृष्ण की झांकी को देखकर सभी भक्तों ने पूजन किया।

## वारदातों पर अंकुश लगाने बढ़ाई गई गश्त, बदमाश अब भी पकड़ से दूर

# रेल यात्रियों के साथ एक के बाद एक हो रही वारदातों के बाद हरकत में आई जीआरपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रेल यात्रियों के साथ आये दिन हो रही लूट की वारदातों के बाद जहां सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं वहीं वारदातों को लेकर जीआरपी भी अब सक्रिय हो गई बावजूद इसके बदमाश अब भी पकड़ से दूर हैं। चलती ट्रेन में यात्रियों से मोबाइल लूट का अड्डा बन चुके रेलवे आउटरों में अब जीआरपी ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। रेलवे आउटर क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही घटनाएं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रही हैं। इन क्षेत्रों में संचालित नशे के अवैध कारोबार के कारण घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। शहर का खिरहनी फाटक क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर हर तरह का नशा आसानी से उपलब्ध है। यहां स्मैक, गांजा, शराब सहित अन्य तरह का नशा करने वाले नशेड़ी डेरा जमाए रहते हैं। इन्हीं नशेड़ियों में से कुछ ऐसे भी हैं जो अपनी नशे की लत पूरा करने के लिए इस तरह की अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से भी बाज नहीं आते।

### आउटरों में सदलबल गश्त

शुक्रवार को रेलवे आउटरों में जीआरपी और आरपीएफ ने दल बल सहित संयुक्त रुप से गश्त की। साथ ही वारदात के संबंध में संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। हालांकि अभी तक लूट करने वाले बदमाशों तक जीआरपी नहीं पहुंच सकी है। जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि रेलवे आउटरों में लूट-चोरी की वारदातों में रोक लगाने के लिए 24 घंटे जीआरपी की ड्यूटी लगाई गई है। अलग-अलग प्वाइंट बनाए गए हैं। लूट और चोरी की वारदातों के संबंध में संदिगधों से पूछताछ की जा रही है।

### वारदातों पर एक नजर

गौरतलब है कि दें कि 19 दिसंबर को एनकेजे क्षेत्र निवासी राजकुमार चौहान रीवा-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से कटनी से जबलपुर जा रहा था, इसी दौरान कटनी साउथ स्टेशन के आउटर के पास जब वह ट्रेन गेट में खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी एक बदमाश ने उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया, जिसके कारण राजकुमार चौहान ट्रेन के नीचे गिर गया। बदमाश मोबाइल लेकर भाग गया और हादसे में राजकुमार का एक पैर ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं 20 दिसंबर को लोकमान्य तिलक से पटना जाने वाली जनता एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे रीवा निवासी अमित पिता रमागोविंद सिंह से खिरहनी फाटक रेलवे आउटर पहुंचने पर अज्ञात बदमाश ने चलती ट्रेन से मोबाइल छीन लिया। लूट के दौरान अमित सिंह ट्रेन से नीचे गिर गया। जिसके कारण उसके चेहरे और पैर में गंभीर चोट आई। इसके अलावा मानपुर निवासी विजय पिता महेश तिवारी दानापुर-पुणे एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा था, ट्रेन जब खिरहनी फाटक रेलवे आउटर पर पहुंची तो अज्ञात बदमाश ने डंडा मारकर मोबाइल गिरा दिया। मोबाइल के साथ ही विजय तिवारी भी नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। आरपीएफ कर्मी ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# गर्भवती महिला की मौत की जांच करने समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने गर्भवती महिला श्रीमती रंजीता बर्मन निवासी डुमरिया की गत सुबह उपचार के दौरान अधिक रक्त स्त्राव से मृत्यु के मामले में जिला अस्पताल द्वारा मृतिका को रक्त उपलब्ध कराने के समुचित प्रयासों की जांच हेतु समिति का गठन किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा गठित इस समिति में संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण डॉ. पूजा द्विवदी और आयुर्वेद मेडिकल ऑफीसर डॉ. वंदना सिंह को जांच समिति में शामिल किया गया है। यह समिति रक्त उपलब्ध कराने के समुचित प्रयास करने या नहीं करने के मामले की जांच करेगी।

### रक्त दान की अपील

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कटनी के स्वैच्छिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थानों, एन.एस.एस और एन.सी.सी के कैडेट्स सहित युवाओं से अपील की है कि वे स्वैच्छिक रक्त दान करने आगे आयें। बढ़-चढ़कर रक्तदान करें। ताकि किसी जरूरतमंद को खून

### जरूरतमंदों की जान बचाने करें रक्तदान

देकर उसकी जिंदगी बचाई जा सके। इसलिए जरूरतमंदों की जान बचाने की खातिर रक्तदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान सिर्फ मानव ही मानव को कर सकता है ऐसे में रक्तदान कर मानव सेवा करने का और कोई अच्छा विकल्प नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि रक्तदान से दूसरों को जीवन दान दिया जा सकता है। इसलिए इस महादान में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

### रक्तदान संबंधी बैठक आज

जिले के ब्लड बैंक मे रक्त की पर्याप्त उपलब्धता के मद्देनजर कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार 23 दिसंबर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों सहित महाविद्यालयों के एन एस एस, स्काउट गाइड के कार्यक्रम अधिकारियों की सहभागिता से रक्तदान हेतु अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा।

**अमानक 96 क्विंटल धान का किया गया था आनलाइन रिजेक्ट**

# कलेक्टर के निर्देश पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विलायतकला की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों को कड़ी परिश्रम से उगाई धान का वाजिब समर्थन मूल्य दिलाने संकल्पित कलेक्टर अवि प्रसाद को बड़वारा उपार्जन केन्द्र में अमानक धान की खरीदी किये जाने की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग को प्रकरण की जाँच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा शिकायत की जांच क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विलायतकला के खरीदी प्रभारी लखन पटेल एवं अन्य कृषक उपस्थिति में जांच के दौरान मौके पर काफी अनियमितताएं पाईं गई। जांच दौरान कृषक श्रीमति मधुलता राय पत्नी दुर्गा प्रसाद राय द्वारा भतीजे मयंक कुमार के माध्यम से लगभग 240 बोरियों में लगभग 96.00 क्विंटल धान विक्रय हेतु भेजी गई जो अमानक पाई गई। उक्त धान की प्रविष्टि ऑनलाइन नहीं पाई गई तथा सर्वेयर द्वारा अमानक धान को ऑनलाइन रिजेक्ट किया जाना पाया गया।

जांच दौरान गोदाम के अंदर पूर्व से क्रय धान का रेण्डम आधार पर परीक्षण सर्वेयर के माध्यम से कराया गया जो एफएक्यू पाई गई। परिसर में पूर्व से क्रय आर.टू.टी. धान का परीक्षण करने पर भी धान एफएक्यू पाई गई। धान उपार्जन केन्द्र में अमानक 96.00 क्विंटल धान को समक्ष में ऑनलाइन रिजेक्ट कराया गया। अमानक धान की ऑनलाईन खरीदी की प्रविष्टि नहीं पाई गई पूर्व से क्रय अथवा भण्डारित धान मानक पाई गई। इस तरह उपार्जन केन्द्र में अमानक धान क्रय करना नहीं पाया गया।

### फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**विजयराघवगढ़।** गांजा परिवहन में संलिप्त स्थाई वारंटी को विजयराघवगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 6 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा है, जिसे न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर द्वारा गठित टीम ने आरोपी को कैमोर से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017 में कटनी के बरगवां निवासी पवन कोल पिता चमन कोल उम्र 25 साल को पकड़ा था जो की दो पहिया वाहन से गांजा का परिवहन कर रहा था। आरोपी के कब्जे से एक किलो सात सौ पचास ग्राम गांजा बरामद करने के साथ ही उसे न्यायालय में पेश किया गया था, जिसके आद आरोपी जेल चला गया था। जमानत से रिहा होने के बाद आरोपी पेशी में नहीं जा रहा था। जिसके कारण न्यायालय द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया था। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा कई बार प्रयास किये गये लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल, हरिओम सिंह, श्याम कोल, विनोद आदि शामिल रहे।

## खो खो प्रतियोगिता में बरही की टीम बनी विजेता



शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य प्रो. आर .के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्रीडा अधिकारी पुष्पेंद्र तिवारी के निर्देशन में जिला स्तरीय महिला खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता मे जिले के बरही, विजराघवगढ़, बडवारा, श्रमधाम महाविद्यालय कैमोर, कन्या महाविद्यालय एवं तिलक महविद्यालय कटनी सहित कुल 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय बरही की टीम विजेता एवं शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की टीम उपविजेता रही। महिला खो खो प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, विभिन्न जनप्रतिनिधि, अभिभावक, डॉ.एस.एस. धुर्वे, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ.आर. जी. सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. नीलम चतुर्वेदी आदि स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर के प्रयासों से जिले के 27 फीसदी कुपोषित बच्चे हुए सुपोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने हेतु चलाये जा रहे अभियान की सतत समीक्षा और निगरानी की वजह से जिले मे कुपोषित बच्चों की संख्या में आशातीत कमी आई है।

माह सितंबर 2023 में जहां गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 211 थी वह संख्या अब घटकर मात्र 154 रह गई है। इस तरह तीन माह मे 57 कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी आई है। यह सब कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों से ही संभव हो सका है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन मे माह जनवरी 2024 तक समस्त गंभीर कुपोषित बच्चों को गोदकर्ता संस्था से जोडकर पोषण किट प्रदान की जाकर अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।

भारत सरकार (महिला एवं बाल विकास विभाग) एवं संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देश के पालन में जिले के 1712 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक माह 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन की माप की कार्यवाही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक माह 11 से 20 तारीख तक किया जाता है ।

बताते चलें कि कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में स्नेह सरोकार योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों को निरंतर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवकों, सेवा भारती, लघु उधोग, एसीसी सीमेंट, मानव जीवन समिति जैसे संगठनों द्वारा निरंतर इन बच्चों को गोद लेकर पोषण किट प्रदाय कर वजन वृद्धि एवं स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर निगरानी एवं बच्चे के अभिभावक को सलाह दी जाती है। विभाग द्वारा अभिभावक को प्रोत्साहित करने के लिये प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र से 03 बच्चों को चयन किया जाता है, जिनका वजन सबसे अधिक होता है, उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाता है।

कलेक्टर स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों मे औचक तौर पर पहुंचकर आंगनबाड़ी कायकर्ता व सहायिकाओं से उनके क्षेत्र के कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते रहते है। साथ ही ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की भी वे समय-समय पर हिदायत देते रहते है।

**ड्रोन प्रशिक्षुओं को प्रयागराज के लिए किया गया रवाना**

# ड्रोन प्रशिक्षित युवा पीएम के विकसित भारत संकल्प यात्रा में बनेंगे सहभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के अभिनव पहल एवं नवाचार से जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से सफलतापूर्वक प्रोजेक्ट पंख का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मे स्थापित अत्याधुनिक सुविधायुक्त सेंटर आफ एक्सीलेंस लैब में बेसिल के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ड्रोन उड़ाने में महारत हासिल करने वाले 18 प्रशिक्षुओं को गुरूवार को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंड सोनी एवं नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कटनी जंक्शन से ट्रेन नंबर 22177 महानगरी एक्सप्रेस से प्रयागराज उत्तरप्रदेश के लिए रवाना किया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, ई- गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, बेसिल के प्रशिक्षक चेतना शर्मा, पंकज एवं मल्टीफ्लेक्स ड्रोन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी बेगलोर के मेनेजर मेंटीनेंस शिवराज दिददागी व असिस्टेंट इंजीनियर देबबरना भट्टाचार्जी सहित चयनित ड्रोन प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ड्रोन कंपनी में चयनित कटनी जिले के युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बडे ही सौभाग्य की बात है कि बच्चों को ड्रोन की ट्रेनिंग पूर्ण होनें के पूर्व ही रोजगार हेतु चयनित कर 18 प्रशिक्षुओं को एम-.ड्रोन मल्टीफ्लेक्स ड्रोन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी प्रयागराज ले जा रही है।

### 26 युवक पहले जा चुके

ई- गवर्नेंस के जिला अधिकारी सौरभ नामदेव ने बताया कि कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट पंख के तहत जिन 40 बच्चों को ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान करने का काम शुरू किया गया था उसमें से सभी बच्चों को ड्रोन कंपनी ने अपने यहां चयनित किया है। 26 ड्रोन प्रशिक्षणार्थियों का पहला दल यहां कलेक्ट्रेट परिसर से रविवार 17 दिसम्बर को रवाना हो गया है।

### प्रतिमाह मिलेगा 22 हजार रुपए का स्टाइपेंड

चयनित बच्चों को कंपनी के ही डीजीसीए अप्रूव्ड रिमोट पायलट प्रशिक्षण संस्थान से ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रतिमाह 22 हजार रुपए का स्टाइपेंड दिया जाएगा। आने-जाने व रहने की व्यवस्था भी कंपनी की तरफ़ से की जायेगी एवं रोज 150 रुपये भोजन भत्ता भी दिया जाएगा ।

## बाणसागर डैम में मोटर वोट से जलविहार कर पर्यटन विकास की देखी संभावनाएं

# जल पर्यटन केन्द्र के तौर पर विकसित होगा कोनिया, कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर अवि प्रसाद ने विजयराघवगढ़ क्षेत्र के प्रवास के दौरान यहां बाण सागर डैम में मोटर वोट से करीब तीन किलोमीटर का जलविहार कर तटीय गांव कोनिया से इटौरा के चंडिन माता मंदिर पहुंचे और इसे जल पर्यटन केन्द्र के तौर पर संवारने और विकसित करने की संभावनाओं का जायजा लिया। इस दौरान तिमुआ सरपंच तीरथ पटेल सहित मप्र पर्यटन विकास निगम के अभियंता, तहसीलदार बी.के.मिश्रा मौजूद रहे।

इटौरा में स्थित भव्य चंडिन माता मंदिर के प्रति क्षेत्रीय लोगों में गहरी आस्था और श्रद्धा है। बाण सागर के तटीय गांव कोनिया स्थित मॉ कालीधाम से इटौरा की चंडिन माता मंदिर तक पहुंचने में बांध के पानी में तैरती राजसी सफेद बादलों की छाया और अथाह जल राशि यहां की जल यात्रा को और मनमोहक और खुशनुमा एहसास दिलाती है।

मरम्मत कार्य की वजह से महानदी पुल बंद होने के कारण सड़क मार्ग की बजाय कलेक्टर श्री प्रसाद को कौनिया से चंडिन माता मंदिर तक पहुंचने और वापास आने को मिलाकर करीब 6 किलोमीटर लम्बे जलमार्ग का सहारा लेना पड़ा।

यहां की नैसर्गिक प्राकृतिक छटा से सम्मोहित कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रकृति की गोद में चंडिन माता के मंदिर तक की रोमांचक और अविस्मरणीय धार्मिक जल यात्रा कर यहां की भव्यता से खासे प्रभावित हुए। उन्होने दूरबीन से बाणसागर के विहंगम नजारों का दृश्यावलोकन भी किया।

कलेक्टर श्री प्रसाद को यहॉ जल पर्यटन की अपार संभावनांयें दिखीं। जल पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित होने पर यहां रोजगार के अवसर बढेंगे और ग्राम पंचायत की आय में भी बढोत्तरी होगी। इस स्थल में पर्यटन सुविधाओं का विकास और विस्तार कर भविष्य में इसे देश के पर्यटन मानचित्र में खूबसूरत जल पर्यटन केन्द्र के तौर पर पहचान दिलाई जायेगी।

कालान्तर में यहां जल महोत्सव जैसे भव्य आयोजन के माध्यम से दिल को छू लेने वाली वाटर स्पोर्टस जैसी साहसिक गतिविधियों के आयोजन का भी मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। इस अवसर पर एस.डी.ई आर एफ की टीम सी.ई.ओ जनपद पंचायत ब्रजेश जैन, पर्यटन निगम के नीरज शुक्ला भी उपस्थित रहे।

### पूजा-अर्चना कर निरीक्षण

चंदिन धाम इटौरा पहुँचकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने माँ काली की पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। तदुपरांत मंदिर प्रांगण का निरीक्षण कर मंदिर समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की।

गाँव के कोटवार लालजी पूरी तैयारी के साथ मुस्तैद थे, वे सारे खसरा-खतौनी, नक्शा के साथ डटे रहे, कलेक्टर को उन्होंने मंदिर की भूमि के बारे में नक्शा दिखाया। ग्राम कोटवार की मुस्तैदी देख कलेक्टर खुश हुए और कोटवार के जज्बे की तारीफ भी की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मंदिर तक पहुँचने के लिए सड़क निर्माण कराने की मांग रखी।

### 3 किमी, 45 मिनट का सफर

कोनिया से इटौरा जल मार्ग 3 किलोमीटर का सफर तय करने में करीब 45 मिनट का वक्त लगा। लौटते वक्त अंधेरा हो चुका था। दरअसल इटौरा पहुँचने के लिए महानदी पुल बंद होने की वजह से कलेक्टर जल मार्ग से इटौरा पहुँचे और यहां विकास की संभावनाओं को करीब से देखा गया।

# धान के अवैध परिवहन पर वसूले गए 60 हजार रूपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त नाकों में अवैध अनाज परिवहन के मामलों की निगरानी हेतु उडनदस्ता दल की तैनाती की गई है। वन नाका कलैवारा कला मार्ग पर एक वाहन द्वारा उत्तर प्रदेश के अतर्रा बांदा से निजामाबाद तेलंगना के लिए कृषि उपज धान 350 क्विंटल अवैध धान को वाहन सहित जब्त करनें में बडी सफलता मिल है।

कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में वाहन द्वारा कृषि उपज चावल का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप 60 हजार 819 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कृषि उपज मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में कार्यवाही के दौरान वन नाका कैलवारा कला मार्ग पर वाहन क्रमांक यू.पी. 72 ए.टी 1296 की जांच के दौरान उत्तर प्रदेश के अतर्रा बांदा से तलंगना के लिए 350 क्विंटल धान का अवैध परिवहन पाया गया। जांच दल मे सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार मांझी, राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर कुमार पनिका, हरिओम कौरव, सुधीर कुमार त्रिपाठी की सहभागिता में कार्यवाही की गई।

खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम 24 को

**दमोह।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसम्बर 2023 को ''राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस'' के रूप में मनाये जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिये गये है। कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यो की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जायेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा है कि 24 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त करें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर सम्पन्न

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज हटा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मड़ियादो और शिवपुर में शिविर आयोजन किया गया। मड़ियादो में पुराना थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रामगोपाल सोनी, प्रदीप गुप्ता, श्री कमलेश, अभिषेक जैन, बसंत अग्रवाल, केलाश अग्रवाल, विष्णु सोनी, सरपंच राधारानी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने हेतु आग्रह किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत शिवपुर के पुराना खेड़ा में आयोजित शिविर में विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने शासन की जनकल्याकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही मौके पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के लिए पंजीकृत किया गया। इस अवसर पर सरपंच कमला बंजारा, महिला बाल विकास अधिकारी शिव राय, आजीविका मिशन सन्दीप सिंह, बिजली विभाग महेंद्र राय, सेल्समैन शैलेन्द्र सोनी, सचिव प्रह्लाद पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### गणितज्ञ श्री रामानुजाचार्य जी की जयंती मनाई

# गणितीय मेला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांदकपुर

सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल बांदकपुर में हमारे देश के महान गणितज्ञ श्री रामानुजाचार्य जी की जयंती पर गणितीय मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, उल्टी गिनती, उल्टा पहाड़ा, एवं व्यंजन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का श्री गणेश अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानदायनी शिक्षा समिति बांदकपुर के अध्यक्ष महोदय राम कृपाल पाठक, सचिव श्री पीयूष जैन, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलेश गर्ग पटवारी, मुख्य अतिथि रेशु बड़कोले पटवारी, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पी सी खटीक, जनपद सदस्य जगदीश यादव, राजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व आचार्य बलारपुर, विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद गर्ग, आचार्य स्टाफ एवं ग्राम के सैकड़ो गण मान्यनागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसका सफल संचालन विद्यालय के आचार्य श्री नन्हे भाई जी सेन के द्वारा किया गया एवं अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## उत्साह पूर्वक मनाया गणित दिवस



**जबेर।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा के द्वारा भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का 22 दिसंबर को जन्म जयंती कार्यक्रम संपन्न किया गया, विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में भैया बहनों ने बताया की रामानुजन को गणित का जादूगर और जीनियस कहा जाता है, क्योंकि गणित को लेकर इन्होंने छोटी उम्र में ही कई सिद्धांत व लगभग अडतीस सौ से अधिक सूत्र दिए, गणित के क्षेत्र में इनके द्वारा दिए महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में हर साल हम श्रीनिवास रामानुजन की जयंती प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाते हैं, और भारत सरकार ने 26 फरवरी 2012 को अधिसूचना जारी करते हुए श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी, गणित के जादूगर कहे जाने वाले महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जीवन कहानी पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के भैया दुर्गेश साहू बहिन स्नेहा लोधी मानसी सेन शुभी सैनी, सोनम पटेल, योग्यता दुबे, अपूर्वा सिंह प्रजापति, आर्या जैन प्रथम आर्या जैन द्वितीय यशोदा लोधी दुर्गा विश्वकर्मा ने अपने भाषण प्रस्तुत किया और इस कार्यक्रम का संचालन आचार्य देशराज लोधी अध्यक्षता आचार्य टेक सिंह ठाकुर व निरीक्षण अरुण श्रीवास्तव और कार्यक्रम की प्रस्तावना आचार्य दयाराम रैकवार के द्वारा रखी गई, जिसमें भैया बहनों के साथ समस्त आचार्य परिवार की उपस्थिति रही।।

### विधायक ने अनुविभागीय कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली

## विधायक ने दिये समय सीमा में कार्य करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विधानसभा से निर्वाचित होने के बाद प्रथम आगमन हुआ जिस पर जगह जगह स्वागत किया गया और फिर अनुविभागीय कार्यालय में बैठक ली जिसमें नगर की पेयजल समस्या व साफ सफाई के विषय को लेकर सीएमओं से चर्चा करते हुए बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही है कि लगभग 15 दिनों से नगर की पेयजल व्यवस्था बंद पड़ी हुई है, जिससे आम जनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं, साथ ही साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। वही

विधानसभा में चल रही सिंचाई परियोजनाओं में लेट लतीफे पर पंचम नगर, सीतानगर, साजली परियोजना के अधिकारियों से परियोजनाओं को पूर्ण करने में हो रही देरी के संबंध में बात की। अधिकारियों द्वारा जब सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी दिए जाने की बात की गई तो विधायक लखन पटेल ने तुरंत केरबना ग्राम के लोगों से बैठक में ही फ़ोन पर बात की, जिसमें ग्राम वासियों ने बताया कि अभी खेतों में पानी नहीं मिल रहा सिर्फ बांध से नदी में पानी छोड़ा गया हैं और अधिकारियों को यथा स्थिति से अवगत कराया कि सिंचाई के लिए पानी छोड़ा ही नहीं जा रहा है साथ ही जो गांव परियोजनाओं में छूट गए हैं उन तक पानी पहुंचाने के लिए योजना बनाने के दिशा निर्देश दिए व सितंबर 2024 तक परियोजनाएं पूर्ण हो। आगामी 15 दिनों बाद पुनः बैठक लेने की बात कही जिसमें उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी परियोजनाओं की सूक्ष्म जानकारी अधिकारियों के पास होनी चाहिए।तालाब एवं नहरो की स्थिति पर उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्ति की और कहा कि हर तालाब नहर की डिजाइन, डीटेल्स, स्वीकृत राशि आदि की जानकारी साथ में लेकर आये। राज्य और केंद्र सरकार ने हजारों करोड़ों की परियोजनाएं पथरिया विधानसभा में दी है, कुछ परियोजनाओं को 10 साल बीत चुके हैं लेकिन अभी तक पूर्णता की ओर नहीं पहुंच पाना कहीं ना कहीं प्रशासनिक हमले की लापरवाही का नतीजा हैं। इस दौरान सिंचाई विभाग के एक अधिकारी को जानकारी के अभाव में भारी ठंड में पसीना आ गया क्योंकि जो जानकारी वह विधायक लखन पटेल को दे रहे थे उससे अधिक जानकारी विधायक के पास पहले से थी। जनपद पंचायत पथरिया और बटियागढ़ को स्पष्ट निर्देश दिए की जो काम चल रहे हैं उन्हें शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए एवं पिछले 10 गंगा में विधायक और सांसद निधि से स्वीकृत काम यदि पूर्ण नहीं हुए हैं तो उन्हें पूर्ण किया जाए। यदि किसी भी मद में गबन हुआ है तो उसकी रिकवरी की जाए। अगली बैठक में सभी स्वीकृत कामों की सूची तथा संपूर्ण जानकारी लेकर आए। खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन पर्ची और वितरण में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।नगर परिषद, सिंचाई परियोजना, खाद्य विभाग, जनपद पंचायत की बैठक में अधिकारियों को समय सीमा में काम करने के लिए कहा साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा की भी मॉनिटरिंग की व अधिकारियों से कहा हितग्राहियों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो। इस अवसर पर एसडीएम, एसडीओपी, प्रभारी तहसीलदार, सीएमओं सहित कर्मचारी उपस्थित रहें।

## हाईस्कूल में मनाया गया गणित दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पतलोनी हाई स्कूल में गणित दिवस मनाया गया। महान गणितज्ञ डॉ श्रीनिवास रामानुजन जी के जन्म दिवस पर पी एम श्री हाई स्कूल पतलौनी में गणित दिवस के उपलक्ष्य में मैथ सर्किल गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम मां सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर बालिकाओं द्वारा सरस्वती जी की वंदना का गायन किया गया। तत्पश्चात गणित शिक्षक अनिल श्रीवास्तव द्वारा वृत्त एवं वर्ग,आयात,चतुर्भुज का गणतीय प्रदर्शन किया गया। इसके बाद गणित पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, बच्चों ने डाक्टर रामानुजन की जीवन परिचय पर भाषण,गीत प्रस्तुत किए। प्रभारी प्राचार्य के एल चौकसे एवं गणित शिक्षक ने डाक्टर रामानुजन जी के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा गणित के क्षेत्र में की गई खोज का वर्णन किया। सीताराम परस्ते द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया, अंत में प्रभारी प्राचार्य द्वारा गणित शिक्षकों अनिल श्रीवास्तव, राकेश खरे, अजय पांडेय, कुमारी खुशबू सिंह की कलम प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया,छात्रों द्वारा भी गणित शिक्षकों का श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर शालेय शिक्षक पी एस मरावी,राहुल जैन, तर वर सिंह उपस्थित रहे। गणित दिवस एवं मैथ सर्किल डाक्टर श्री निवास रामानुजन के जन्म दिवस पर पी एम हाई स्कूल पतलौनी में गणित दिवस के उपलक्ष्य में मैथ सर्किल गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम मां सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर बालिकाओं द्वारा सरस्वती जी की वंदना का गायन किया गया। तदपश्चात गणित शिक्षक अनिल श्रीवास्तव द्वारा वृत्त एवं वर्ग, आयात, चतुर्भुज का गणतीय प्रदर्शन किया गया। इसके बाद गणित पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की।

## सरपंच पद के लिए पांच नाम निर्देशन पत्र

**हटा।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2023 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार हटा तहसील की ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के सरपंच रिक्त पद के लिए एवं हटा विकासखंड की विभिन्न पंचायतों के 76 पंचों के उपनिर्वाचन होना है जिसके लिए कलेक्टर द्वारा तहसीलदार को हटा रिटर्निंग ऑफिसर व नायब तहसीलदार को उप रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार 15 दिसंबर को निर्वाचन की सूचना उपरांत प्रारंभ हुई नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति की कार्यवाही में गुरुवार 21 दिसंबर को हरदुआ सड़क में रिक्त पद हेतु सरपंच के लिए पांच लोगों ने तहसीलदार रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये, जिसमें दीपारानी राजगौड, कुसुमरानी/धनसींग आदिवासी, कुसुम रानी आदिवासी, सुनयना /जयदीप, सीमारानी/ मोतीलाल मुंडा शामिल है वही पंच पद हेतु सिर्फ 18 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए वही 58 वार्ड पंचो के नाम निर्देशन जमा नहीं होने पर अब यह वार्ड पंच पद रिक्त रहेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 23 को 2 बजे तक तहसील निर्वाचन कार्यालय में जमा किए गए नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 23 दिसंबर को तथा अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2023 दोपहर 3 बजे तक होगी। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार रिक्त पदों के लिए 5 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

## भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है : पं ऋषिकांत गर्ग

**बनवार।** श्रीमद भागवत कथा का विश्राम भव्य जलबिहार से हुआ। पतित पावनी व्यारमा नदी बड़े घाट जल विहार यात्रा में शामिल हुए सैकड़ो श्रद्धालु ग्राम बनवार राजपूत परिवार में चल रही है। संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आज विशाल भंडारे के बाद व्यारमा नदी में बड़ी संख्या में भक्त लोग जलबिहार करने पहुंचे और भव्यता के साथ श्रीमद् भागवत कथा में आवाहित



देवी देवताओं को यथा स्थान ग्रहण करने आवाहन करते हुए जल विहार करवाते हुए कथा का विश्राम हुआ। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी ने बताया की भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की है। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानंद की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनि से मुक्ति मिलती है। और कहा कि भागवत भाव प्रधान और भक्ति प्रधान ग्रंथ है। भगवान पदार्थ से परे है, प्रेम के अधीन है। प्रभु को मात्र प्रेम ही चाहिए। अगर भगवान की कृपा दृष्टि चाहते हैं तो उसको सच्चाई की राह पर चलना चाहिए। भगवान का दूसरा नाम ही सत्य है। सत्यनिष्ठ प्रेम के पुजारी भक्त भगवान के अति प्रिय होते हैं। कलयुग में कथा का आश्रय ही सच्चा सुख प्रदान करता है। इस मौके पर यजमान पुष्पेंद्र सिंह राजपूत सहित उनका पूरा परिवार सहित बड़ी संख्या ग्रामवासियों की उपस्तिथि रही।

## पालीवाल मंदिर में पहुंचा अक्षत कलश



**दमोह।** अक्षत कलश की बंशी बाले पालीवाल मंदिर में हुई स्थापना। अयोध्या से आए अक्षत कलश की नगर के मंदिरों में श्रद्धालु महिलाएं पुरुषों द्वारा गाजे-बाजे से भव्य आगवानी कर स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शिव मंदिर पड़री तिराहा से पालीवाल मंदिर में भजन गाते हुए महिला पुरुषों श्रृद्धालुओं ने कलश की भव्य आगवानी कर स्थापना की गई। इस कार्यक्रम में पमुख रूप से पंडित दीपक उपाध्याय, पवन पालीवाल, महेंद्र पालीवाल, संजय पालीवाल, दयाशंकर चौबे, पप्पू परोंहा, हरपस्राद चौरसिया,दीपक ताम्रकार उपाध्यक्ष, नरेंद्र बजाज, शंकर तंतुवाय, योगेश उपाध्याय,पद्दीप उपाध्याय (परिषद),विजय चौबे, सुनील तिवारी, अभिषेक सोनी, मनोज पंडा, अनिल ताम्रकार,चंदन पालीवाल, राम कुमार चौरसिया, डाक्टर शांत कुमार, सुनील जैन, श्रीकांत, दिनेश सेन, नीतेश, मुन्ना ताम्रकार,काशी राम, पुष्पेंद्र, भागीरथ विश्वकर्मा, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का जल्द होगा शुभारंभ

**दमोह।** जिला टास्क फोर्स की बैठक दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई. वर्ष 2025 तक टीबी का उन्मूलन करने के लिए एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कैंपेन दमोह जिले में आयोजन करने हेतु डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन के द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारी को जानकारी दी गई, जिसमें श्री जैन ने बताया कि सर्वप्रथम जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है, ताकि ब्लॉक लेवल पर आशा, एएनएम, सुपरवाइजर, सीएचओ, एनटीईपी स्टाफ को एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का प्रशिक्षण करके राज्य से प्राप्त गाइडलाइन अनुसार पत्र लाभार्थियों को एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कराया जा सके, उक्त टास्क फोर्स बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, सभी ब्लॉक के सीबीएमओ, जिला मीडिया अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एमएनडी, सीपी एससी सलाहकार, ए पी एम, आर आई डाटा मैनेजर, बीपीएम, बीसीएम, महिला बाल विकास अधिकारी सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी एवं डीपीसी दीपक सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## बीआरसी ने किया प्राथमिक शाला बिजौरी का निरीक्षण



**पटेरा।** शुक्रवार को पटेरा बीआरसी दिलीप उपाध्याय ने शासकीय प्राथमिक शाला बिजोरी पाठक, प्राथमिक शाला लुहारी, प्राथमिक शाला बमुरिया, माध्यमिक शाला बनगांव की आकस्मिक अर्धवार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया। यहां अर्धवार्षिक परीक्षाएं विधिवत संचालित पाई गई। श्री उपाध्याय ने छात्रा छात्राओं से जानकारी ली। इस दौरान छात्र-छात्रायें उपस्थित मिले। एमडीएम का वितरण मीनू अनुसार वितरण होना पाया गया।

## पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित



**दमोह।** शासकीय एकीकृत शाला हाईस्कूल रंजरा में दिनांक 22 दिसंबर 2023 दिन शुक्रवार को दोपहर 12 से 04 के बीच पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन प्राचार्य महोदया श्रीमती आभा नायक की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययन 9th एवं 10th कक्षा के छात्र-छात्राओं के पालको द्वारा बैठक में उपस्थित हुए जिसमे अर्धवार्षिक परीक्षा में प्राप्त अंको की जानकारी उनके माता-पिता को दी गई। एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9th क्लास के छात्र दुर्गेश पटेल एवं 10th कक्षा की छात्रा रोशनी पटेल को अर्धवार्षिक परीक्षा में विद्यालय की प्राचार्य महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। एवं कम अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेहनत एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना उज्जवल भविष्य बनाने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक लाखन सिंह ठाकुर, रघुवर प्रसाद तिवारी दुर्गेश राठौर, जगत सिंह मरकाम, सीताराम गौंड, कपिल खरे, श्रीमती बैजंती प्रजापति, महेश अहिवाल, चंदन सिंह ठाकुर आभार व्यक्त किया। राजेन्द्र रोहितास, राहुल स्वर्णकार की उपस्थिति सराहनीय रही।

## पीटीएम के माध्यम से शिक्षक व अभिभावकों के बीच बना समन्वय

### विद्यार्थियों ने परीक्षा में कैसे दिए प्रश्नों के उत्तर, अभिभावकों ने देखी कॉपियां





**हटा।** विद्यार्थीयों ने परीक्षा कॉपी में क्या लिखा उनके नंबर कम क्यों आए इसका परीक्षण परीक्षा के तत्काल बाद अभिभावकों ने भी किया। यह नवाचार नगर के सीएम राइस विद्यालय हटा में प्रिंसिपल अशोक अग्रवाल ने पीटीएम (शिक्षक अभिभावक बैठक) के दौरान किया। इस नवाचार से जहां अभिभावक संतुष्ट दिखे वहीं विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों की कमियों को दूर करने के लिए अभिभावकों के माध्यम से एक प्लेटफार्म भी उपलब्ध हुआ। सीएम राइज स्कूल के प्रिंसिपल अशोक अग्रवाल ने बताया कि 18 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कक्षा नवमी से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा आयोजित कराई गई। इस परीक्षा के तत्काल बाद जिन विद्यार्थियों ने पेपर दिए थे उनके पैरेंट्स को बुलाकर शिक्षकों के साथ न सिर्फ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित कराई गई बल्कि विद्यार्थियों ने कितने प्रश्नों के उत्तर सही दिए और वह किस विषय में कमजोर है इसका आकलन करने के लिए उत्तर पुस्तिकाएं अभिभावकों को दिखाई गई। इसी दौरान अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करनें वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया जिसमें कक्षा नवमीं में गजेंद्र कुशवाहा द्वितीय स्थान पर प्रेसी जैन कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर प्रतीक उपाध्याय एवं कुमारी अलका साहू द्वितीय स्थान पर सिद्धि यादव ने पाया। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान पर तरुण सिंह राजपूत द्वितीय स्थान पर उमेश कुर्मी एवं कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर अर्पित उपाध्याय द्वितीय स्थान पर अनुज बडगैया को पुरस्कार प्रदान कर किया गया। अभिभावक ने पेपर में जिन विषय में अपने बच्चे कमजोर दिखे उन्हें घर पर पढ़ाई कर कर मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया। बैठक के अंत में पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री प्रभात तिवारी एवं देवेंद्र उपाध्याय द्वारा भी शिक्षकों एवं छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में शिक्षक मनीष चौरसिया धर्मेंद्र दुबे ए एन स्वर्णकार विमल तिवारी मनोज पटेल रमाकांत चौरसिया सुनील चौरसिया कल्पना कुर्मी रेखा असाटी रेखा सराफ सीमा तिवारी यशोदा राय संगीता सिंह चंदेल श्रद्धा अग्रवाल मुकेश श्रीवास्तव दीपक तंतुवाय आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नगर पालिका में पार्षदों का हंगामा, सुधार नहीं तो करेंगे तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद दमोह में भाजपा कांग्रेस एवं निर्दलीय पार्षदों ने नगर पालिका में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं को लेकर कार्यालय अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा जिसमें उनके द्वारा प्रमुख रूप से आवास योजना में आई हुई राशि हितग्राहियों के खातों में नगर पालिका नही भेज रही है इसका आरोप लगाया साथ ही नगर पालिका में संपूर्ण विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं एवं एकमात्र इंजीनियर नगर पालिका दमोह में पदस्थ है जिसके चलते नगर पालिका में कार्य नहीं हो पा रहे हैं पार्षदों ने कहा कि आउटसोर्स बंद होने के कारण सफाई कर्मी भी वार्डों में नही है जिससे सफाई व्यवस्था भी चौपट है। इस अवसर पर पार्षद गोपाल ठाकुर, विजय जैन, यशपाल ठाकुर, विक्रम ठाकुर, अमित त्यागी मनीष शर्मा, राशु चौहान, विवेक सेन, मोनू राजपूत, पप्पू कसोटिया, मिक्की चंदेल, गोपाल मास्टर, सतीश जैन, रफीक खान, राजू बगिरा, गणेश जाटव, बालकृष्ण यादव,संजय पटेल, धीरज घारू, टोनी राय आदि की मौजूदगी रही।

### जननी एक्सप्रेस संचालकों की वसूली

# नसबंदी कराने आई महिला मरीजों को घर तक छोड़ने का वसूल रहे किराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जननी एक्सप्रेस 108 एम्बुलेंस से प्रसूताओं को नजदीकी अस्पतालों तक पहुंचाने की व्यवस्था है जिसमे जननी एक्सप्रेस में महिलाओं व नवजात बच्चों को अस्पताल से घर तक छोड़ने की व्यवस्था को किराया वसूली का धंधा बना लिया है। जननी 108 एम्बुलेंस वाहन चालक अपने अपने मालिकों के इशारे पर नसबंदी शिविर में महिला मरीजों व उनके परिजनों को अस्पताल से घर तक छोड़ने का प्रति मरीज से तीन सौ से चार सौ रुपए किराए की वसूली की जा रही है। क्योंकि नसबंदी करवाने वाली महिला मरीजों को घर तक छोड़ने के लिए वाहन व्यवस्था नहीं होती है जिसका फायदा उठाते हुए जननी एक्सप्रेस 108 वाहन चालक किराए का व्यापार करने पर उतारू हो गए है। दरअसल मामला है 21 दिसंबर को जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगने वाले नसबंदी शिविर का है जहा पर 56 महिलाओं की नसबंदी हुई जिन्हे घर तक छोड़ने के लिए जबेरा एवं तेंदूखेड़ा की 4 जननी 108 लगी हुई थी। नसबंदी करवाने वाली महिलाओं व उनके साथ परिजनों को घर तक छोड़ने के लिए 200 से 300 का किराया वसूली करते हुए एक जननी 108 करीब 4 से 5 केस ठूंस ठूंस भरकर घर तक छोड़ने के लिए एक जननी 108 ने करीब रातभर में चार से पांच चक्कर लगाए जबकि जननी एक्सप्रेस 108 वाहन में सिर्फ प्रसूतिका व उसके साथ परिजन ही बैठ सकता और सिर्फ प्रसूताओ अस्पताल तक छोड़ने के लिए जननी 108 वाहन शासन के द्वारा चलाई जा रही है। पर यहां किराया वसूली के व्यापार पर उतारू जननी 108 वाहन चालक के द्वारा एक साथ 4 से 5 नसबंदी केस एक वाहन ठूंसते हुए मरीजों के दर्द की चिंता किए बिना किराया वसूली के चक्कर में घर तक छोड़ा गया। जब हमारी टीम ने इस पूरे मामले जननी 108 से किराया वसूली की पड़ताल की गई तो रत्नेश रैकवार ग्राम रोड़ ने बताया की जननी 108 वाहन में कुल कमला वर्षा रुक्मन सहित 5 नसबंदी केस बैठे है जिनसे घर तक छोड़ने का किराया तीन तीन सौ रू के हिसाब कुल 15सौ रुपया लिया गया है। इस तरह से चार से पांच जननी 108 एम्बुलेंस ने पूरी रात नसबंदी करवाने महिला मरीजों को किराया लेकर घर तक छोड़ने का सिलसिला चलता रहा जिससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। डिलेवरी एवं इमरजेंसी मरीजों के लिए यह एंबुलेंस सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पाई होगी जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा होगा। जब इस पूरे मामले से 108 एम्बुलेंस सेवा के जिला मैनेजर आशीष तिवारी का कहना है जननी 108 एम्बुलेंस किराया वसूली करते हुए नसबंदी महिला मरीजों को घर छोड़ने के निरंतर मामले सामने आ रहे थे। इसके बाद इस पूरे मामले की जांच के लिए लिखा गया और जांच की जा रही है जो भी दोषी जांच रिपोर्ट में पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### डिलेवरी डेटा गैप को सप्ताह दौरान पूर्ण कराने के दिये निर्देश

# गर्भवती महिलाओं को हितलाभ में परेशानी न आये-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष मयंक अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास से जुड़ी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास से जुड़े जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वास्थ्य समीक्षा के दौरान ए.एन.सी. डेटा का रिव्यू करने, उच्च जोखिम गर्भावस्था चिन्हांकन में सुधार लाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने शिशु स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार लाने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की समन्वित बैठक करने निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए ब्लॉकवार सी.बी.एम.ओ. से मातृ स्वास्थ्य के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। चर्चा दौरान ए.एन.सी. पंजीयन बढ़ाने, उच्च जोखिम गर्भावस्था चिन्हांकन में सुधार लाने तदानुसार समुचित उपचार सेवा प्रदाय करने के निर्देश दिये। उन्होने सीबीएमओ से कहा उपस्वास्थ्य केन्द्रवार डाटा का विश्लेषण कर पंजीयन बढ़ायें एवं गर्भावस्था दौरान चार जांचें सुनिश्चित करने अपेक्षित कार्यवाही की जाये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सीवियर एनीमिक गर्भवती महिलाओं को सुलभ रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही रक्तदान किया जा सके, इस हेतु जबेरा सीबीएमओ एवं हटा सीबीएमओ को ब्लड स्टोरेज यूनिट आरंभ करने के निर्देश दिये। गर्भवती महिलाओं को हितलाभ में परेशानी न आये इस हेतु उन्होंने डिलेवरी डेटा गैप को सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश सभी सीबीएमओ को दिये। उन्होंने कहा खंड स्तर से प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय रेफर की गई गर्भवती महिलाओं को बिना विलंब के प्रसूति सहायता योजना के तहत हितलाभ दिया जा सके इसके लिए ऐसी समस्त गर्भवती महिलाओं का डेटा एम.सी.पी. कार्ड में पूर्ण रूप से भरा हो इसकी निगरानी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक रखें। आशा, ए.एन.एम. अनुसार पेंडिग केश निकालें, डेटा फिल कराकर जिला चिकित्सालय में भेजें ताकि पोर्टल पर एन्ट्री कर हितग्राहियों को लाभ समय पर दिया जा सके। टीकाकरण कार्य की समीक्षा दौरान पथरिया सीबीएमओ ने बताया कि जेरठ, झागर, पिपरिया चंपत उपस्वास्थ्य केन्द्र में ए.एन.एम. न होने की वजह से हायर्ड वैक्सीनेटर के माध्यम से टीकाकरण कार्य करा लिया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मातृ-मृत्यु की समीक्षा के दौरान कहा मातृ-मृत्यु में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित सेवा प्रदाता पर कड़ी कार्यवाही की जाये। मातृ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने अवगत कराया कि अभी तक मातृ-मृत्यु के 19 प्रकरण सामने आये है। 18 का रिव्यू कर लिया गया है। तीन प्रकरणों में लापरवाही पाई गई। इनमें हिण्डोरिया के दो व पथरिया का एक प्रकरण शामिल है। उन्होंने जिला क्षय कार्यक्रम के तहत नोटिफिकेशन 90 प्रतिशत से अधिक पाये जाने पर संतोष जताया। समीक्षा दौरान जिला परिवार कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि सभी विकासखंडों में महिला पुरूष नसबंदी ऑपरेशन हेतु शिविर लगाये जा रहे है। दो संतानों के बीच अंतराल रखने के लिए रूचि अनुसार अस्थाई साधनों को अपनाने की समझाईश दी जा रही है। बैठक के दौरान डेंगू पीड़ति मरीजों की अद्यतन जानकारी देते हुए जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया वर्तमान में एक्टिव केश जीरो है। मलेरिया के चार केश जबेरा ब्लॉक में पाये गये है। गैर संचारी रोग की समीक्षा दौरान दमोह अर्बन एवं हटा में पंजीयन एवं स्क्रीनिग कम पाये जाने पर इन्हे बढाने के निर्देश संबंधितों को दिये।

# विस्थापन रोको सत्याग्रह का हुआ समापन

**दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा के सर्रा से जुड़े करीब 18 गांव के लोग विस्थापन रोको सत्याग्रह पर दमोह कलेक्ट्रेट के सामने अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे थे। धरना के तीसरे दिन युवाओं ने अलग प्रदर्शन किया भूखे बैठकर अर्धनग्न बैठे रहे लेकिन इसी बीच धरना स्थल पर एसडीएम अविनाश रावत पहुंचे और अर्धनग्न बैठे अटल सेना के अध्यक्ष कवि चन्द्रभान सिंह लोधी, दीनदयाल पटेल और सुशोभित पटेल का मुंह मीठा कराकर धरना समाप्त कराया। साथ ही कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक सिंह लोधी ने कपड़े पहनाए। अटल सेना के अध्यक्ष कवि चंद्रभान सिंह लोधी ने कहा कि आज हमारे धरने के तीसरा दिन था हमें मजबूरन भूखे रहकर अर्धनग्न बैठना पड़ा ताकि प्रशासन कुछ दया और हमें न्याय मिले। लेकिन शासन प्रशासन ने हमारी मांगे मान ली हैं जो हमारी मूलभूत सुविधाएं बंद हैं जैसे नल जल योजना, कृषि लोन, सड़कें बनना, जमीन की रजिस्ट्री होना इन सबको चालू कराने के लिए तीन महीने का समय मांगा है जो लिखित में आश्वसन दिया गया है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक सिंह ने कहा कि सरकार को सोचना चाहिए कि यह लोग विस्थापित होकर कंहा जाएंगे। आज प्रशासन ने लिखित में तो दे दिया है और यदि इनकी मांगे नहीं मानी गईं तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा। हमारी कांग्रेस पार्टी इनके साथ है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता विनोद राय ने बताया कि यह लड़ाई इन गांव वालों की हक अधिकार की लड़ाई थी, जिसमें आज जीत हुई इसलिए आज हम सभी इन लोगों का धरना प्रदर्शन समाप्त कराने आए हैं।

# विधायक प्रतिनिधि ने ली बैठक, बोले मनमानी नहीं चलेगी

**पटेरा।** पटेरा जनपद पंचायत के हाल बेहाल है। यहां प्रभारी सीईओ की मनमानी कार्यप्रणाली चर्चित है। अधिक कमीशन व ठेकेदारी प्रथा से परेशान कई सरपंचो ने विधायक से इस संबंध में हस्तक्षेप की गुहार लगाई थी जिस पर जनपद की आहूत बैठक में विधायक प्रतिनिधि ने बैठक के पहले तो अधिकारियों की खुली क्लास लगाकर मनमानी पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि शासन की गाइडलाइन का पालन हो। मौका मुआयना का स्वीकृति मूल्यांकन व भुगतान हो अन्यथा लापरवाही करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही होगी। ग्राम पंचायत योजना रेवझाकलां में एक स्वीकृत कूप की राशि खाते में न डालने के पीछे स्थानीय राजनीति में लिप्त अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी की पात्रता व स्वीकृति के बाद राशि उसे क्यों नहीं दी जा रही है। पर काफी चर्चाएं चलती रही। श्री खटीक की बेबाक टिप्पणी से अधिकारी चुप्पी साध गए। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बद्री पटेल सहित जनपद सदस्य व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं के प्रयास से ही जीत संभव है: एड प्रीतम सिंह



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी को जिले की चारों विधान सभा क्षेत्र में भाजपा की प्रचण्ड जीत होने के उपलक्ष में जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने सभी पदाधिकारियों के साथ सिद्धक्षेत्र मड़कोलेश्वर धाम में सामूहिक रूप से भोज आयोजित किया। भगवान शिव के दर्शन पश्चात जिले के सभी मण्डल अध्यक्षों,जिला पदाधिकारियों और मोर्चा के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह ने सभी को चारों विधान सभा क्षेत्र में जीत दिलाने के लिए जिले के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत की प्रशंसा की और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचण्ड जीत दिलाना है। इस आयोजन में जिला महामंत्री गोपाल पटेल,सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, चंदभान पटेल,संजय सेन, अमित बजाज, विधान सभा संयोजक देवी सिंह नंदरई, लक्ष्मण तिवारी,श्याम शिवहरे,जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, बृजेश दुबे, कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन, रिंकू गोस्वामी सहित मोर्चा अध्यक्ष और मण्डल अध्यक्ष की उपस्थिति रहीं।

# बागेश्वर धाम जाने वाली पदयात्रा पहुंची घोंघरा



**दमोह।** बागेश्वर धाम शिष्य मंडल द्वारा की जा रही पदयात्रा दमोह से हटा पहुँची यात्रा का ग्रामीण जनो ने जगह जगह स्वागत किया। हटा में रात्रि विश्राम पश्चात हटा से प्रारंभ होकर विनती मड़यिादो होते हुए कलकुआ होते हुए घांघरा पहुंची यात्रा में हटा के धार्मिक बंधु प्रदीप खटीक, अरविन्द सिंह, कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, देवेन्द्र राय, नाना देशमुख एवं मड़यिादो की पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजुलता श्रीवास्वत ने पदयात्रा में सहभागिता कर धार्मिक लाभ लिया। यात्रा संयोजक पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि उनकी सबसे लंबी और पहली धार्मिक पदयात्रा है उनकी यात्रा में लोग जुड़कर और कुछ कि.मी. पदयात्रा कर धार्मिक लाभ ले रहे है उनकी यात्रा का उदेश्य यह है कि जो बुराईया आज समाज में पनप रहीं है और लोग महज अल्प लाभ लेने की होड़ में एक दूसरे के खून के प्यासे बन रहे है वह भी रामनाम का जाप करे जिससे परिवार धन्य धान्य रहे। यात्रा में साथ चल रहे पारूल टंडन सोनू टंडन, प्रवीण पटेल, प्रजु यशोधरन, गुल्ले दुबे, रूबी राजपूत भी बालाजी सरकार के जयकारे लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा हमारे जीवन की स्मरणीय यात्रा है एक नया अनुभव है मड़यिादों में पदयात्रियों का वहाँ के क्षेत्रवासियों ने अभूतपूर्व स्वागत किया पदयात्रा आज घोघरा से मलवारा वन चौकी किशनगढ़ होते हुए संत सलैया में रात्रि विश्राम करेगी।

# सांसदों के निलंबन की बहाली को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** केन्द्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की निरकुंश सरकार द्वारा विपक्षी दलो के 143 सांसदो के निलंबन की बहाली को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एवं म.प्र. विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री पं.जबाहर लाल नेहरू के चित्र को यथावत लगाये जाने को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का रवैया तानाशाही है भाजपा सरकार द्वारा दोनों सदनो में इतने सांसदो निलंबन करना भारत के इतिहास की पहली घटना है जिससे भारत के लोकतंत्र की छवि खराब हुई है निलंबित सांसदो की बहाली की जाये। सतीश जैन, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, लालचंद राय, रजनी ठाकुर, कमलेश उपाध्याय, आशीष पटेल, पवन गुप्ता, कोमल अहिरवार, संजय सेठ, राशु चौहान, हेमंत पटेल, नंदे चौरसिया, अरूण मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, अमित बुधौल्या, दिनेश रैकवार, मंजीत यादव ने भी कहा कि भाजपा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो को याद ही नहीं करना चाहता जिन्होंने इस देश के प्रति बलिदान दिये प्रजातंत्र की खातिर त्याग किये उन्ही की तस्वीर ही विधानसभा से हटवा रही है उनकी मांग है कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर यथावत लगाई जाये इस अवसर पर प्रफुल्ल श्रीवास्वत, अजय जाटव, विजय बहादुर, सुनील आंनंद, अभिषेक डिम्हा, अरूण दुबे, गीता ठाकुर, राजू बगीरा, गोपाल मासाब, हेमराज शैलेन्द्र सिंह, अमर सिंह, मुन्ना बंशकार दशरथ अहिरवार, लोकेन्द्र सींग सहित अनेको कांग्रेसजनो की उपस्थिति रही।

# अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

**दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, सहायक संचालक शिक्षा नन्हें सिंह ठाकुर, एडीपीसी मोहन राय की निरीक्षण टीम ने गत दिवस प्रातः 11 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुमेरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा ने बताया निरीक्षण के समय प्राचार्य राजेंद्र राठौर, व्याख्याता टी. आर. कारपेंटर, रामस्वरूप मिश्रा, कांति ठाकुर, गोकुल प्रसाद अहिरवार, प्रयोगशाला सहायक अभिकांत पाठक, जनशिक्षक अशोक मुंडा व प्रभु नारायण श्रीवास्तव विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये। प्रभारी प्राचार्य देर से विद्यालय पहुंचे। कक्षाओं में विद्यार्थी थे, लेकिन कुछ कक्षाओं में शिक्षक नहीं थे। विद्यालय में रिमेडियल कक्षाएं भी नहीं लगाई जा रही है, न ही अभी तक अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है। इस दौरान उन्होंनें अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

# पटेरा नप वार्ड क्रमांक 14 में उपनिर्वाचन, चार अभ्यर्थी चुनावी मैदान में

## नामांकन पत्रों की संवीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**पटेरा।** पटेरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पद हेतू उपनिर्वाचन प्रक्रिया नायब तहसीलदार हिण्डोरिया मंडल रघुनंदन चतुर्वेदी निर्वाचन अधिकारी के द्वारा चल रही है। नाम निर्देशन पत्र लेने जहां पांच रसीदें काटी गई थी लेकिन अंतिम चार अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये। इनमें श्रीमति राजरानी बेबा कलू अहिरवार (भाजपा), दशरथ/जग्गू अहिरवार, चंद्रभान अहिरवार, रवि चौदा अहिरवार चुनावी मैदान में है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा आज प्रातः 10.30 बजे से होगी। 26 को नाम निर्देशन पत्र 3 बजे तक वापिस होंगे तत्पश्चात सूची का प्रकाशन व चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे। 5 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे से 5 बजे शाम तक मतदान होगा एवं मतगणना 9 जनवरी को प्रातः 9 बजे से होगी जिसके बाद परिणाम घोषित किये जायेगे।

## भाजपा ने दिवंगत पार्षद की पत्नि को बनाया उम्मीदवार



**पटेरा।** वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद कम्मू अहिरवार के आकस्मिक निधन होने से हो रहे उपचुनाव में भाजपा ने दिवंगत पार्षद कलू अहिरवार की पत्नि राजारानी अहिरवार को अपना अधिकृत उम्मीदवार बनाया है एवं पत्र भी नाम निर्देशन के साथ जमा किया है। जबकि तीन अन्य अभ्यर्थिया ने कांग्रेस की ओर से नाम निर्देशन पत्र जमा किये है। कांग्रेस ने अपने अधिकृत उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। 26 को दोपहर दो बजे से कांग्रेस को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित करना पड़ेगा। तीन बजे तक नाम वापिसी का समय है। तुरंत बाद अंतिम सूची व चिन्ह आवंटित किये जायेगे।

## जीत के लिये होगी जोर अजमाइश

15 सदस्यीय परिषद में भाजपा के पास 7 पार्षद एवं कांग्रेस के पास 6 व एक निर्दलीय मिला कर 7-7 का समर्थन दोनो के ही पास है। भाजपा जहां अपना बहुमत कायम रखने इस सीट को जीतने का प्रयास करने सक्रियता से जुटी है। नाम निर्देशन पत्र भरने की भ्ररवाने भी कायकर्ता एक साथ मिलकर गये तो वहीं कांग्रेस साधारण बहुमत प्राप्त करने इस सीट पर जीतने प्रयास करेगी व आगे की राजनीति साधने की राजनीति में जुटी है। फिलहाल तो कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार की घोषणा का इंतजार है।

# पटेरा जनपद की 15 ग्राम पंचायतों में होंगे उपनिर्वाचन

### पंच पद के 49 रिक्त पदों पर 49 नाम निर्देशन पत्र जमा, संवीक्षा आज

पटेरा जनपद पंचायत की 15 ग्राम पंचायतों में पंच के 49 पद रिक्त है जिनके लिये निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार राजेश सोनी द्वारा जा रही है। उन्होने बताया कि 49 रिक्त पदों व सभी 15 पंचायतों में एक एक नाम निर्देशन पत्र जमा हुये है। यदि संवीक्षा में सभी नाम निर्देशन पत्र सही पाये जाते है तो फिर सभी निविरोध निर्वाचित हो जायेंगे, अन्यथा जो निरस्त होंगे वो पद रिक्त रहेंगे। संवीक्षा आज होगी।

**नाम परिर्वतन सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मंगल मेहरा उम्र 37 वर्ष पिता श्री प्रवेश कुमार मेहरा निवासी हरदुआ खुर्द,थाना व तहसील जबेरा जिला - दमोह (म.प्र.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मंगल दर्ज है जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेंजों में मेरा नाम मंगल मेहरा दर्ज है जो सही व वास्तविक है। अतः मुझे भविष्य में मेरे सही नाम** MANGAL MEHRA **(मंगल मेंहरा) के नाम से जाना पहचाना जावे।**

**पूर्व नाम - मंगल** (MANGAL)

**वर्तमान नाम - मंगल मेहरा** (MANGAL MEHRA)